कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जनपद न्यायालय, ललितपुर ।

सार्वजनिक नीलामी सूचना

जनपद न्यायालय, ललितपुर की पुरानी स्टाफ कार शासकीय कार सं०-यू०पी० 32 बी.जी. 5364 होण्डा सिटी मेक/मॉडल नं०-2010 की नीलामी दिनांक 18.01.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से सभागार कक्ष, जनपद न्यायालय, ललितपुर में नीलामी समिति की देख-रेख में सम्पन्न की जायेगी । एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुरानी पुरानी स्टाफ कार शासकीय कार सं०-यू०पी० 32 बी.जी. 5364 होण्डा सिटी मेक/मॉडल नं०-2010 जो कि आवासीय कार्यालय, सेशन्स हाउस, ललितपुर में खड़ी है जहाँ है जिस हाल में है । नीलामी हेतु आवश्यक सूचना एवं शर्तें निम्नवत हैं :-

01- प्रश्नगत वाहन की शासकीय बोली निर्धारित मूल्य रू० 1,50,000/- से प्रारम्भ होगी ।

02- नीलामी कार्यवाही में भाग लेने वाले ठेकेदार को नीचे अंकित चार्ट अनुसार धरोहर राशि जमा करनी होगी । यदि बोली बोलने वाला व्यक्ति अपनी बोली पर स्थिर नहीं रहता है तो उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी । जिस व्यक्ति को वाहन नीलामी में प्राप्त नही होगा, उसकी जमा धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने पर वापस कर दी जायेगी ।

03- बोली स्वीकृत होने पर प्रश्नगत वाहन नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि कैशियर, जनपद न्यायालय, ललितपुर के पास जमा करना अनिवार्य होगी । धनराशि न जमा कराने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर पुनः नीलामी की जायेगी ।

04- प्रत्येक बोलीदाता निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहेगें ।

05- नीलामी को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अन्तिम निर्णय माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, ललितपुर को होगा ।

06- नीलामी की प्रक्रिया को माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा अनुमोदित होने के पश्चात ही सम्पूर्ण माना जायेगा ।

07- जो बोली दाता अधिकतम बोली बोलने के पश्चात व बोली स्वीकार करने के पश्चात नीलामी की शर्तों का अनुपालन नहीं करेगें तो उसकी धरोहर राशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा ।

08- यह आवश्यक नही है कि अधिकतम बोली लगाने वाला प्रत्येक दशा में स्वीकार किया जाये

09- प्रत्येक बोली दाता को बोली बोलते समय अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड, एक फोटो तथा मोबाइल नम्बर जमा करना अनिवार्य होगा ।

10- नीलामी की प्रक्रिया से उत्पन्न किसी भी वाद का क्षेत्राधिकार जनपद न्यायालय, ललितपुर को होगा

11- प्रश्नगत वाहन जिस भी व्यक्ति को नीलाम होगा वह व्यक्ति अपने स्वयं के खर्चे नियमानुसार वाहन को अन्तरित करायेगा ।

धरोहर राशि का विवरण निम्न तालिका में अंकित है:-

क्रमांक	वाहन का विवरण	मॉडल नम्बर	धरोहर राशि का विवरण
01.	शासकीय कार सं०- यू०पी० 32 बी.जी. 5364 होण्डा सिटी	मेक/मॉडल नं०-2010	50,000/-

(गुलाब सिंह-II), 05/01/24

अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम),
ललितपुर ।

P.T.O.

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।

01– नाजिर सदर, कार्यालय जिला अधिकारी, ललितपुर ।

02– अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परिसद, ललितपुर ।

03– जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर को दैनिक समाचार पत्र में शासनादेश सं० 562/19–02–2007–1007/74 (T.C) (सूचना अनुभाग 02 लखनऊ) दिनांकित 04.07.2007 के अनुपालन में प्रकाशन किये जाने के उपरांत प्रकाशित पत्र की प्रति इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध हेतु प्रेषित ।

04– सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय, ललितपुर को जनपद न्यायालय ललितपुर व माननीय उच्च न्यायालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

05– सहायक नाजिर,जनपद न्यायालय, ललितपुर ।

आज्ञानुसार नीलामी समिति,

05/01/2024

केन्द्रीय नाजिर,

जनपद न्यायालय, ललितपुर ।